# 11 class Geography Notes In Hindi Chapter 14 Biodiversity and Conservation अध्याय -14 जैव विविधता एंव संरक्षण

अध्याय - 14
जैव विविधता एंव संरक्षण

मानव के आने से जैव - विविधता में तेजी से कमी आने लगी , क्योंकि किसी एक या अन्य प्रजाति का आवश्यकता से अधिक उपयोग होने के कारण , वह लुप्त होने लगती है । आज भारत में 66 राष्ट्रीय पार्क , 368 अभ्यारण्य 14 जैव आरक्षित क्षेत्र ( Biosphere Reserve ) हैं । जहाँ विविधता को अक्षुण रखने का प्रयास जारी है ।

जैव विविधता :-

जैव विविधता दो शब्दों Bio ( बायो ) व Diversity ( डाईवर्सिटी ) के मेल से बना है ' बायो ' का अर्थ है- जैव तथा डाईवर्सिटी का अर्थ है - विविधता अर्थात् किसी निश्चित भौगोलिक क्षेत्र में पाए जाने वाले जीवों की संख्या व उनकी विविधता को जैव विविधता कहते हैं ।

जैव विविधता उष्ण कटिबंधीय प्रदेशों में अधिक है । जैसे - जैसे हम ध्रुवीय प्रदेशों की ओर बढ़ते हैं प्रजातियों की विविधता कम होती जाती है । किंतु जीवधारियों की संख्या अधिक हो जाती है ।

जैव विविधता को किन तीन स्तरों पर समझा जा सकता है ।

जैव विविधता को निम्नलिखित तीन स्तरों पर समझा जा सकता है ।

1 . अनुवांशिक विविधता ( Genetic Biodiversity ) : - अनुवांशिक जैव विविधता में किसी प्रजाति के जीवों का वर्णन किया जाता है । जीवन निर्माण के लिए जीन ( Gene ) एक मूलभूत इकाई है । किसी प्रजाति में जीव की विविधता ही अनुवांशिक जैव - विविधता है ।

2 . प्रजातीय विविधता ( Species Biodiversity ) : - प्रजातीय विविधता किसी निर्धारित क्षेत्र में प्रजातियों की अनेक रूपता बताती है और प्रजातियों की संख्या से सम्बन्धित है । जिन क्षेत्रों में प्रजातीय विविधता अधिक होती है , उन्हे विविधता के हॉट - स्पॉट ( HotSpots ) कहते हैं ।

3 . पारितंत्रीय विविधता ( Eco System Diversity ) : - पारितंत्रीय विविधता पारितंत्रो की संख्या तथा उनके वितरण से सम्बन्धित है । पारितंत्रीय प्रक्रियाएं , आवास तथा स्थानों की भिन्नता ही पारितंत्रीय विविधता बनाते हैं ।

जैव - विविधता के आर्थिक महत्व : -

सभी मनुष्यों के लिए दैनिक जीवन में जैव विविधता एक महत्वपूर्ण संसाधन है । जैव - विविधता को संसाधनों के उन भंडारों के रूप में समझा जा सकता है जिनकी उपयोगिता भोज्य पदार्थ , औषधियों और सौंदर्य प्रसाधन आदि बनाने में होता है । जैव संसाधनों की ये


https://www.evidyarthi.in/

परिकल्पना जैव - विविधता के विनाश के लिए भी उत्तरदायी है । साथ ही यह संसाधनों के विभाजन और बंटवारे को लेकर उत्पन्न नए विवादों का भी जनक है । खाद्य फसलें , पशु , वन संसाधन , मत्स्य और दवा संसाधन आदि कुछ ऐसे प्रमुख आर्थिक महत्व के उत्पाद है , जो मानव को जैव - विविधता के फलस्वरूप उपलब्ध होते हैं ।

जैव - विविधता के पारिस्थितिक महत्व : -

जीव व प्रजातियां ऊर्जा ग्रहण कर उसका संग्रहण करती है , कार्बनिक पदार्थ उत्पन्न एंव विघटित करती हैं और परितंत्र में जल व पोषक तत्वों के चक्र को बनाए रखने में सहायक होती हैं । ये वायुमंडलीय गैस को स्थिर करती हैं , और जलवायु को नियंत्रित करने में सहायक होती हैं । ये पारितंत्रीय क्रियाएं मानव जीवन के लिए महत्वपूर्ण क्रियाएं हैं । पारितंत्र में जितनी अधिक विविधता होगी प्रजातियों के प्रतिकूल स्थितियों में भी रहने की संभावना उतनी ही अधिक होगी । जिस पारितंत्र मे जितनी अधिक प्रजातियां होगी , वह पारितंत्र उतना ही अधिक स्थायी होगा ।

जैव - विविधता के वैज्ञानिक महत्त्व : -

वैज्ञानिकों के अध्ययनों से वर्तमान में मिलने वाली जैव प्रजाति से हम यह जान सकते हैं कि जीवन का आरम्भ कैसे हुआ तथा भविष्य में यह कैसे विकसित होगा ? पारितंत्र को कायम रखने में प्रत्येक प्रजाति की भूमिका का मूल्यांकन भी जैव - विविधता के अध्ययन से किया जा सकता है ।

जैव विविधता के सम्मेलन में लिए गए संकल्पों में जैव - विविधता संरक्षण के लिए सुझाए गए उपाय :-

संकटापन्न प्रजातियों के संरक्षण के लिए प्रयास करने चाहिए ।
प्रजातियों को लुप्त होने से बचाने के लिए उचित योजनाएं व प्रबंधन अपेक्षित हैं ।
खाद्यानों की किस्में , चारे संबंधी पौधों की किस्में , इमारती लकडी के पेड़ , पशुधन , जंतु व उनकी वन्य प्रजातियों की किस्मों को संरक्षित करना चाहिए ।
प्रत्येक देश को वन्य जीवों के आवास को चिन्हित कर उनकी सुरक्षा को सुनिश्चित करना चाहिए ।
प्रजातियों के पलने - बढ़ने तथा विकसित होने के स्थान सुरक्षित व संरक्षित होने चाहिए ।
वन्य जीवों व पौधों का अंतर्राष्ट्रीय व्यापार , नियमों के अनुरूप हो ।

जैव - विविधता के ह्रास को रोकने के उपाय :-

संकटापन्न प्रजातियों के संरक्षण के लिए प्रयास किए जाने चाहिए ।
प्रजातियों को लुप्त होने से बचाया जाए ।
वनरोपण द्वारा पौधों की सुरक्षा करनी चाहिए । प्रदूषण पर नियंत्रण , कीटनाशकों के प्रयोग पर नियंत्रण किया जाना चाहिए ।
वन्य जीवों के आवास को चिन्हित करके उन्हें सुरक्षा प्रदान करनी चाहिए ।
वन्य जीवों एवं पौधों के अन्तर्राष्ट्रीय व्यापार पर रोक लगानी चाहिए ।

जैव विविधता के ह्रास ( विनाश ) के कारण :-


https://www.evidyarthi.in/

जैव विविधता विनाश के निम्नलिखित कारण हैं :

( 1 ) आवास में परिवर्तन
( 2 ) जनसंख्या में वृद्धि
( 3 ) विदेशज जातियां
( 4 ) प्रदूषण
( 5 ) वनों का अतिदोहन
( 6 ) शिकार
( 7 ) बाढ़ व भूकंप आदि।

प्रजाति :-

समान भौतिक लक्षणों वाले जीवों के समूह को प्रजाति कहते हैं ।

एक अनुमान के अनुसार संसार में कुल प्रजातियों की संख्या 20 लाख से 10 करोड़ के बीच है किंतु अभी तक एक करोड़ का ही सही अनुमान हो पाया है ।

एक अनुमान के अनुसार लगभग 99 % प्रजातियाँ , जो कभी पृथ्वी पर रहती थीं , आज विलुप्त हो चुकी हैं ।

महाविविधता केन्द्र :-

ये उष्ण कटिबन्धीय क्षेत्र जहां संसार की सर्वाधिक प्रजातीय विविधता पाई जाती है उन्हें महा - विविधता केन्द्र कहा जाता है । इन देशों की संख्या 12 है और इनके नाम है : मैक्सिको , कोलंबिया , इक्वेडोर , पेरू , ब्राजील , डेमोक्रेटिक स्पिब्लिक ऑफ कांगो , मेडागास्कर , चीन , भारत , मलेशिया , इंडोनशिया और आस्ट्रेलिया । इन देशों में समृद्ध महा - विविधता के केन्द्र स्थित हैं ।

I.U.C.N :-

पूरा नाम - International Union For The Protection Of Nature
स्थापना - 5 October 1948 - France 1956 में इसका नाम I.U.C.N कर दिया गया
I.U.C.N - International Union For Conservation Of Nature ( अंतर्राष्ट्रीय प्रकृति संरक्षण संघ )

आई यू सी एन द्वारा प्रजातियों वर्गीकरण :-

( 1 ) संकटापन प्रजातियां ( Endangered Species ) : - इसमें वे सभी प्रजातियाँ सम्मिलित हैं , जिनके लुप्त हो जाने का खतरा है । इंटरनेशनल यूनियन फॉर द कंजरवेशन ऑफ नेचर एण्ड नेचुरल रिसोर्सेज ( आई यू सी एन ) विश्व की सभी संकटापन्न प्रजातियाँ के बारे में रेड लिस्ट ( Red List ) के नाम से सूचना प्रकाशित करता है ।

( 2 ) सूभेद्य प्रजातियां ( Vulnerable Species ) : - इसमें वे सभी प्रजातियाँ सम्मिलित हैं , जिन्हें यदि संरक्षित नहीं , किया गया या उनके विलुप्त होने में सहयोगी कारक यदि जारी रहे तो


https://www.evidyarthi.in/

निकट भविष्य में उनके विलुप्त होने का खतरा है । इनकी संख्या अत्याधिक कम होने के कारण , इनका जीवित रहना सुनिश्चित नहीं है ।

( 3 ) दुर्लभ प्रजातियां ( Rare Species ) : - संसार में इन प्रजातियों की संख्या बहुत कम है । ये प्रजातियों कुछ ही स्थानों पर सीमित हैं या बड़े क्षेत्र में विरल रूप से बिखरी हैं ।

भारत सरकार ने विभिन्न प्रकार की प्रजातियों को बचाने संरक्षित करने तथा उनके विस्तार के लिए किए गए उपाय :-

भारत सरकार ने प्राकृतिक सीमाओं के भीतर विभिन्न प्रकार की प्रजातियों को बचाने , संरक्षित करने तथा उनके विस्तार के लिए निम्नलिखित उपाय किए हैं :-

वन्य जीवन सुरक्षा अधिनियम 1972 पारित किया है । जिसके अंतर्गत नेशनल पार्क , पशुविहार स्थापित किए हैं ।
जीवमंडल आरक्षित क्षेत्रों ( BiosphereReserves ) की घोषणा की गई है जहाँ वन्य जीव अपने प्राकृतिक आवास में निर्भय होकर रह सकते हैं । तथा प्रजाति का विकास कर सकते हैं ।

' हॉट - स्पॉट :-

जिन क्षेत्रों में प्रजातीय विविधता अधिक होती है उन्हें विविधता के हॉट - सपॉट कहा जाता है ।

विभिन्न महाद्वीपों में स्थित पारिस्थितिक हॉट स्पॉट ( ecological hotspots in the world ) :-


https://www.evidyarthi.in/

| महाद्वीप | हॉट स्पॉट |
|---|---|
| दक्षिण एवं सेन्ट्रल अमेरिका | 1. सेन्ट्रल अमेरिका की उच्च भूमि, निम्न भूमि<br>2. पश्चिम इक्वाडोर तथा कोलंबियन काको<br>3. उष्ण कटिबंधीय एंडीज<br>4. अटलांटिक वन ब्राजील |
| अफ्रीका | 1. पूर्वी मेडागास्कर<br>2. पूर्वी चाप पर्वत + तंजानिया<br>3. ऊपरी गिनी वन |
| एशिया | 1. पश्चिम घाट, पूर्वी हिमालय; भारत<br>2. सिंह राजा वन, श्रीलंका<br>3. इन्डोनेषिया<br>4. प्रायद्वीपीय मलेषिया<br>5. फिलीपीन्स<br>6. उत्तरी बोर्निया |
| आस्ट्रेलिया | 1. क्वींस लैन्ड<br>2. मेलेनेषिया (न्यू कैलेडोनिया) |


https://www.evidyarthi.in/